सच के साथ आगे 24×7

UJALASPEEDNEWS

24x7 हर खबर पर तेज नजर

अनूपशहर, मंगलवार, 28 जुलाई 2026 ई-पेपर पेज 1 / 1

देश

# SSP बुलन्दशहर द्वारा श्रावण कांवड़ यात्रा-2026 को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु 82 मोटर साइकिल पुलिस दल को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना।



संवाददाता अनिल कुमार चौहान उत्तर प्रदेश के जनपद बुलंदशहर में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलन्दशहर दिनेश कुमार सिंह द्वारा पुलिस लाइन बुलन्दशहर से श्रावण कांवड़ यात्रा-2026 को सकुशल, सुरक्षित, शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने हेतु 82 मोटर साइकिल पुलिस दल को हरी झंडी दिखाकर जनपद के विभिन्न कांवड़ मार्गों एवं संवेदनशील स्थलों हेतु रवाना किया गया। मोटर साइकिल पुलिस दल का गठन कांवड़ यात्रा के दौरान त्वरित पुलिस प्रतिक्रिया (Quick Response), सतत गश्त, यातायात प्रबंधन, कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा किसी भी आकस्मिक स्थिति में तत्काल प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया गया है। उक्त मोटर साइकिल पुलिस दल जनपद के प्रमुख कांवड़ मार्गों, शिवालयों, डाक कांवड़ मार्ग, भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों, संवेदनशील स्थलों एवं प्रमुख चौराहों पर निरंतर भ्रमणशील रहकर सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखेगा तथा किसी भी आपात स्थिति में तत्काल मौके पर पहुँचकर उच्चाधिकारीगण को अवगत कराते हुए आवश्यक कार्यवाही करेगा।

## एक नज़र में

जहांगीराबाद में नर-नारायण सेवा संस्थान का मिलन समारोह, समर्पण और समाजहित का दिखा अद्भुत संगम !!
प्रेम का भवसागर हैं श्रीकृष्ण : संत निर्मलदासश्रीमद्भागवत कथा में कृष्ण जन्मोत्सव एवं गोवर्धन लीला का भावपूर्ण वर्णन।
पूरी खबर पढ़ने के लिए शीर्षक पर टैप करें

देश

## जहांगीराबाद में नर-नारायण सेवा संस्थान का मिलन समारोह, समर्पण और समाजहित का दिखा अद्भुत संगम !!





संस्थान के छठे स्थापना दिवस पर आर.सी फार्म में हुआ भव्य आयोजन, समाजसेवियों व वरिष्ठ चिकित्सकों ने बढ़ाया उत्साह। जहांगीराबाद। नगर की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था नर-नारायण सेवा संस्थान के छठे स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार देर सायं तक आरसी फार्म हाउस में भव्य "मिलन समारोह" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों, चिकित्सकों एवं संस्था के पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। पूरे आयोजन में सेवा, सहयोग और सामाजिक सरोकार की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. एस.के. गोयल ने संस्था द्वारा किए जा रहे जनहित कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सेवा कार्य समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं और इन्हें निरंतर आगे बढ़ाया जाना चाहिए।

देश

## प्रेम का भवसागर हैं श्रीकृष्ण : संत निर्मलदासश्रीमद्भागवत कथा में कृष्ण जन्मोत्सव एवं गोवर्धन लीला का भावपूर्ण वर्णन।



संवाददाता प्रिंस कुमार सोनी राया। श्री राधारानी मानसरोवर धाम में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दौरान कथा व्यास संत निर्मलदास महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य जन्म लीलाओं एवं गोवर्धन लीला का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया। कथा में श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर हो गए और पूरा पंडाल "राधे-राधे" व "जय श्रीकृष्ण" के जयघोष से गुंजायमान हो उठा।कथा व्यास ने कहा कि श्रीकृष्ण प्रेम के भवसागर हैं। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के मथुरा में अवतरण, वासुदेव द्वारा उन्हें यमुना पार कर गोकुल पहुंचाने तथा नंद बाबा के यहां मनाए गए नंदोत्सव का विस्तृत वर्णन किया। उन्होंने बताया कि भगवान का प्रत्येक अवतार धर्म की स्थापना और भक्तों के कल्याण के लिए होता है।